फा.सं.-ई-13015/04/2014-हिंदी-I
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
(हिंदी प्रभाग)
***

विज्ञापन

1. **पदनाम** : **परामर्शदाता-सह-अनुवादक**-स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में परामर्शदाता-सह-अनुवादक के पदों पर पूर्णतया अनुबंध आधार पर नियुक्ति के लिए सेवा-निवृत्त सरकारी कर्मचारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

2. **रिक्तियां** : 03

3. **पात्रता शर्तें** : केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा के अंतर्गत मंत्रालय/विभाग या उनके अधीन किसी संबद्ध/स्वायत्त कार्यालय/पीएसयू/संगठन से सेवा-निवृत्त अनुवादक/अधिकारी अथवा केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग से इतर किसी अन्य संवर्ग में सेवा-निवृत्त राजभाषा अधिकारी अथवा अनुवादक।

4. **उत्तरदायित्व** :

1. कैबिनेट नोट, आरटीआई, संकल्प, ज्ञापन अधिसूचनाएं, स्थायी समिति संबंधी रिपोर्ट, समाचार-पत्रों में प्रकाशित होने वाले विज्ञापन, संसद सत्रों के दौरान लोक सभा / राज्य सभा के प्रश्नों के उत्तर, वार्षिक रिपोर्ट, बजट संबंधी स्थायी समितियां, परिणामी बजट, अन्य देशों के साथ होने वाले समझौता-ज्ञापनों, मंत्री जी के भाषणों, दौरा कार्यक्रमों, उदघाटन भाषणों, शिलान्यास कार्यक्रमों, आदि से संबंधित सामग्री का अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद करना।
2. संघ की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के अंतर्गत मंत्रालय के विभागों और अधीनस्थ कार्यालयों से तिमाही प्रगति रिपोर्ट का संकलन एवं समीक्षा करना। साथ ही मंत्रालय की तिमाही प्रगति रिपोर्ट समेकित करना और राजभाषा विभाग को प्रस्तुत करना।
3. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठकों का आयोजन एवं कार्यवृत्त तैयार करना।
4. हिंदी सलाहकार समिति की बैठकों का आयोजन करना।
5. वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट राजभाषा विभाग को प्रस्तुत करना।
6. मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट तैयार करना।
7. कंप्यूटर पर डिक्टेशन देने की क्षमता।

5. **पारिश्रमिक**

अधिकारियों के पारिश्रमिक का निर्धारण उनके अंतिम वेतन में से पेंशन घटाकर और उसमें डीए इत्यादि जोड़कर किया जाएगा।

6. **नियुक्ति की अवधि**
एक वर्ष अर्थात 1 अक्टूबर, 2020 से 30 सितंबर, 2021 तक।

7. **आवेदन करने की अंतिम तिथि**
07 अक्टूबर, 2020 सायं 5.00 बजे तक

8. **रिपोर्टिंग अधिकारी**

श्री परमानंद आर्य, निदेशक (रा.भा.), 754-ए विंग, निर्माण भवन, नई दिल्ली।

आवेदन के साथ भेजे जाने वाले दस्तावेज

1. पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) की स्वत: प्रमाणित प्रति।
2. संलग्न प्रपत्र में जीवन-वृत्तांत/जीवन परिचय

*****

Scanned with CamScanner

<u>जीवन परिचय</u>

1. नाम:

2. पिता का नाम:

3. शैक्षिक अर्हता:

4. पद का नाम जिससे सेवा निवृत्ति प्राप्त की:

5. वर्तमान पता:

6. पद पर रहने के दौरान अनुवाद एवं राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी कार्यों के अनुभव का ब्यौरा:

....

....

....

....

....

....

....

....

7. अन्य कोई विवरण

दिनांक:..................

नाम:.....................................

हस्ताक्षर:...............................

Scanned with CamScanner